# कार्यालय प्राचार्य, चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर

Ph.No. : 07562-224156, 224240, Fax : 07562- 224240
E_mail :- hecsaglcseh@mp.gov.in
Website :- www.mpcolleges.nic.in/sehore


क्र. 3008 /19 सीहोर,दिनांक 12.09.2019

## स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की मासिक रिर्पोट का प्रारुप

महाविद्यालय का नाम एवं जिला :- चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर, जिला सीहोर
फोन नं. एसटीडी कोड सहित :- 07562-224240
प्रकोष्ठ प्रभारी का नाम :- डॉ.सुषमा तिवारी
मोबाईल नम्बर :- 9826430064
ई-मेल आईडी :- hecsaglcseh@mp.gov.in

प्रति,

निदेशक,
स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना,भोपाल

विषय :- माह जुलाई 2019 की मासिक कॅरियर रिर्पोट।

माह में आयोजित कॅरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम के दोरान विद्यार्थियों हेतु संधारित रजिस्टर के आधार पर निम्नानुसार जानकारी आपकी ओर प्रेषित है।

| क्र. | दिनांक | मार्गदर्शन का विषय | विषय विशेषज्ञ/मार्गदर्शन देने वाले का नाम,पद व मो. नं. | लाभान्वित विद्यार्थियों की वर्गानुसार संख्या | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | एस.सी | | एसटी | | ओबीसी | | सभा. | | योग | |
| | | | | M | F | M | F | M | F | M | F | M | F |
| 01 | 25/07/2019 | कॅरियर में नियोजन का महत्तव | डॉ.अनिल राजपूत (प्राध्यापक-गणित) मो.9425013306 | 25 | 09 | 08 | 4 | 25 | 11 | 16 | 12 | 74 | 36 |
| 02 | 27/07/2019 | आर्ट्स समूह में कॅरियर के अवसर | डॉ.एस.सी गुप्ता (प्राध्यापक-अर्थशास्त्र) मो.9425621172 | 21 | 10 | 17 | 11 | 16 | 12 | 22 | 06 | 76 | 39 |
| कुल योग | | | | 46 | 19 | 25 | 15 | 41 | 23 | 38 | 18 | 150 | 75 |

## प्लेसमेंट की जानकारी

| क्र. | विद्यार्थियों के नाम | प्लेयमेंट की तिथि | रोजगार प्रदाता का नाम,पता एवं अधिकृत ईमेल आईडी | वेतन | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| विभिन्न कम्पनियो से संपर्क किया जा रहा है। | | | | | |

प्रकोष्ठ प्रभारी
डॉ. सुषमा तिवारी

प्राचार्य
PRINCIPAL
C. S. A. Govt. P. G. College
SEHORE (M. P.)



Scanned with CamScanner

# स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की मासिक रिपोर्ट का प्रारूप

महाविद्यालय का नाम चं. शे. आ. शा. स्नातकोत्तर महा. सीहोर जिला सीहोर

फोन नंबर एसटीडी कोड सहित 07562-224240 प्रकोष्ठ प्रभारी का नाम डॉ. सुमन रोहिला

मोबाईल नं. 9981699928 ई–मेल आईडी sumanrohila09@gmail.com

महाविद्यालय का जावक क्र. 3405/19 दिनांक 14-10-19

प्रति,

निदेशक,
स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना,
भोपाल (म0प्र0)

**विषय :– माह अक्टूबर सत्र– 2019 की मासिक कॅरियर रिपोर्ट प्रेषण बावत।**

माह– अक्टूबर में आयोजित कॅरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों हेतु संधारित रजिस्टर के आधार पर निम्नानुसार जानकारी आपकी ओर प्रेषित हैं ।

//प्रपत्र//

| क्र. | दिनांक | मार्गदर्शन का विषय | विषय विशेषज्ञ/ मार्गदर्शन देने वाले का नाम, पद मोबाइल नंबर | लाभान्वित विद्यार्थियों की वर्ग अनुसार संख्या | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | SC | | ST | | OBC | | GEN | | TOTAL | |
| | | | | M | F | M | F | M | F | M | F | M | F |
| 1 | 12/10/19 | नेतृत्व | डॉ. ज्योति नेलास | 18 | 11 | 10 | 6 | 25 | 13 | 16 | 10 | 69 | 40 |
| 2 | | क्षमता | प्राध्यापक | | | | | | | | | | |
| | | विकास | 9826719724 | | | | | | | | | | |
| 3 | | | डॉ. वर्षा जायसवाल | | | | | | | | | | |
| | | कुल योग | अतिथि विद्वान 9424819452 | | | | | | | | | | |

**प्लेसमेंट की जानकारी**

| क्र. | विद्यार्थियों के नाम | प्लेसमेंट की तिथि | रोजगार प्रदाता का नाम, पता एवं अधिकृत ईमेल आईडी | वेतन | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

(विभिन्न कंपनियों से संपर्क जारी है)

Dr. S. Rohila

प्रकोष्ठ प्रभारी का नाम एवं हस्ताक्षर
मोबाईल नं. 9981699928

PRINCIPAL
Chandra Shekhar Azad Govt. P. G.
Nodal College, Sehore (M.P.)

प्राचार्य ...
मोबाईल नं. ...

**नोटः– कृपया इस रिपोर्ट के साथ अलग से कवरिंग पत्र न लगाएं तथा उक्त रिपोर्ट इस कार्यालय की E-mail- hesvcgs@mp.gov.in पर ही मेल करें ।**

Scanned with CamScanner

**कार्यालय प्राचार्य, चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर**
**अग्रणी महाविद्यालय सीहोर**
Ph.No. : 07562-224156, 224240, Fax : 07562- 224240
E_mail :- hecsaglcseh@mp.gov.in
Website :- www.mpcolleges.nic.in/sehore



क्र. /21 सीहोर दि.

प्रति,

निदेशक
स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन योजना,
उच्च शिक्षा विभाग, तृतीय तल कक्ष क्र. 01
सतपुड़ा भवन, भोपाल (म.प्र.)

विषय :- दो दिवसीय कॅरियर अवसर मेले की रिपोर्ट भेजने बावत्।
संदर्भ :- उपर्यु. निर्देशक स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्ग.योजना उ.शि.वि. पत्र क्रं. 21/विवेकानंद/2020 भोपाल दिनांक 20.01.2020

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र में दिये गये निर्देशानुसार महाविद्यालय में दो दिवसीय कॅरियर अवसर मेला का आयोजन दिनांक 17 एवं 18 फरवरी 2020 को किया गया। कॅरियर अवसर मेला हेतु रू. 80,000/- (शब्दो में रू. अस्सी हजार मात्र) का बजट आवंटन हुआ था, जिसमें मेला आयोजन पर राशि रू.66708/- व्यय हुई व शेष राशि 13292 है।

दो दिवसीय कॅरियर अवसर मेला आयोजन पर हुये व्यय देयक, प्रतिवेदन एवं समाचार पत्र की कटिंग तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र संलग्न कर आपकी ओर प्रेषित है।

संलग्न –

1. प्रतिवेदन (फोटोग्राफ्स, समाचार पत्र, कटिंग) आदि
2. उपयोगिता प्रमाण पत्र

13.02.21
**प्राचार्य**
सीहोर दि.

पृ.क्र. /21

**प्रतिलिपि :-**

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा म.प्र.शासन 5वी मंजिल, सतपुड़ा भवन भोपाल
2. संयुक्त संचालक, उच्च शिक्षा म.प्र.शासन सतपुड़ा भवन भोपाल

**प्राचार्य**

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य, चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर

Ph.No. : 07562-224156, 224240, Fax : 07562- 224240
E_mail :- hecsaglcseh@mp.gov.in
Website :- www.mpcolleges.nic.in/sehore


सीहोर दि.

## प्रतिवेदन

### कॅरियर अवसर मेला
### दो दिवसीय – दिनांक 17 एवं 18 फरवरी 2020

चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर में दिनांक 17 एवं 18 फरवरी 2020 को स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में दो दिवसीय कॅरियर अवसर मेला का आयोजन किया गया। मेला आयोजन का मुख्य उद्देश्य निर्धारित जिले के विद्यार्थियों को औधोगिक/व्यावसायिक प्रभावी रोजगार मॉग के अनुरूप तैयार किये गये जिसमें साथ ही इन्हे इन क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराना है साथ ही असंगठित क्षेत्रों में उपलब्ध विभिन्न रोजगार अवसरों से भी बेरोजगार युवाओं को अवगत कराना है।

आत्मनिर्भरता के अंतर्गत विद्यार्थियों को रोजगार व स्वरोजगार प्रदत्त कराने हेतु विभिन्न संस्थानों से परिचित कराना भी रोजगार मेले का अहम उद्देश्य है। मेला आयोजन करने हेतु माननीय कलेक्टर महोदय के साथ जिले के समस्त शासकीय/अर्धशासकीय/अशासकीय संस्थानों, उधमियों के प्रतिनिधियों जिले के समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्य व विवेकानन्द प्रकोष्ठ के प्रभारियों संग दिनांक 31.01.2020 को कलेक्टर कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया जिसमे सर्वसम्मति से 17व 18 फरवरी 2020 को आयोजन का निर्णय लिया गया, साथ ही निर्देशित किया गया कि मेलों के दौरान अनुशासन एवं अन्य व्यवसायों हेतु एवं उनके समितियों का गठन किया जायें। तथा सफल आयोजन हेतु कुछ विद्यार्थियों को वालिटियंर्स लाया जाये एवं उन्हे परिचय पत्र प्रदान किया जावेगा।

जिलाधीश महोदय के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन व सहयोग से विभिन्न शासकीय, अशासकीय, अर्धशासकीय विभागों के स्टॉल लगाकर मेला का आयेजन करना सुनिश्चित किया गया। जिला प्रमुखों को रोजगार मेला आयोजन की जानकारी एवं शासकीय विभागों से स्टॉल लगाने हेतु महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आशा गुप्ता एवं स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. सुमन रोहिला द्वारा सभी से आग्रह किया गया।

कॅरियर अवसर मेला में सीहोर जिले के विभिन्न संस्थानों शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय स्थानीय विद्यालयों के विद्यार्थियों महिला पॉलिटेक्निक, इंजिनियरिंग महाविद्यालय, आई.टी.आई. के विद्यार्थी एवं जिले के बेरोजगार युवाओं ने सहभागिता की इस मेले में 400 युवाओं ने अपना पंजीयन कराया। जिसमे युवाओं का विभिन्न रोजगार प्रदाता संस्थानों में प्रारंभिक चयन किया। कॅरियर अवसर मेले 18 विभागों ने अपने स्टॉल लगाये जिसमें से कुछ उल्लेखनियों स्टॉलों के नाम सेल मून्यूफेक्चरिंग कंपनी, स्टार स्वरोजगार, प्रशिक्षण संस्थान सीहोर, नवभारत फर्टिलाइजर, आयमन टेलीकाम सर्विसेस, प्रधानमंत्री कौशल केन्द्र सीहोर, जिला रोजगार कार्यालय सीहोर, बैंक आफ इण्डिया, एल.आई. सी. जिला उधोग केन्द्र, सेडमेप, नर्सिग संस्थान, आई.टी.आई. पालिटेक्निक महाविद्यालय आदि है।

दिनांक 17 फरवरी को कॅरियर मेले का शुभारंभ जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमान राजीव गुजराती जी, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आशा गुप्ता की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुआ। उद्घाटन के अवसर पर बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा कु. उमा वर्मा ने सरस्वती वंदना स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। साथ ही छात्रा रूपाली एवं संगीता द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया।

मुख्य अतिथि श्री राजीव गुजराती ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों को स्वरोजगार स्थापित करने व आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रोत्साहित किया साथ ही कहा कि कृषि में रोजगार की अपार संभावनाएं है जिससे विद्यार्थी अपना स्वरोजगार स्थापित कर सकते है तथा साथ ही विद्यार्थी स्वयं रोजगार प्रदाता बन सकते है।

Scanned with CamScanner

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आशा गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने समय का सदुपयोग करते हुये इतनी मेहनत करनी चाहिए कि हमारी मेहनत से महाविद्यालय प्रदेश व राष्ट्रका नाम रोशन हो सके। इससे हमारे महाद्यिालय की छवि राष्ट्रीय स्तर पर उभरेगी तथा एक सशक्त राष्ट्रका निर्माण होगा। एक सशक्त राष्ट्र के युवा का भविष्य निश्चित ही उज्जवल होगा।

विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की प्रभारी तथा कॅरियर मेले की संयोजक डॉ. सुमन रोहिला ने रोजगार मेले की परिकल्पना एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुये कहा कि रोजगार की संभावना में स्कील डेव्लपमेन्ट के अवसर पर महाविद्यालय में 32 स्टॉल लगाये गये है अतः विद्यार्थियों को अपार संभावनाएं को तलाश कर रोजगार अवसर हेतु प्रशिक्षण लेना चाहिए। मंच संचालन डॉ. निभा जैकब व डॉ. दिनीशा मालवीय ने किया।

दिनांक 18 फरवरी 2020 को कॅरियर अवसर मेले के समापन के अवसर पर विद्यार्थियों को रोजगार संबंधी एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु मार्गदर्शन व व्याख्यानों का आयोजन विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला रोजगार कार्यालय सीहोर के अधिकारी द्वारा विद्यार्थियों का रोजगार हेतु स्पाट पर पंजीयन किया गया। जिला रोजगार कार्यालय व जिला उधोग व व्यापार केन्द्र के प्रतिनिधियों द्वारा भी शासन द्वारा उधोग लगाने हेतु ऋण संबंधी योजनाओं के बारे में बताया गया। साथ ही जिला उधोग व व्यापार केन्द्र के प्रतिनिधि ने कहा कि आपके पास तमाम विकल्प है। यदि आपके पास प्रतिभा है तो उसके माध्यम से आप आगे बढ़ सकते है। विद्यार्थियों ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किये छात्र विनोद भिलाला ने कहा कि गरीब होना और अपने आपको बनाए रखना इसके लिये आप स्वयं जिम्मेदार है। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. उर्मिला सलूजा द्वारा विद्यार्थियों को प्रेरक वक्तव्य दिया गया साथ ही विद्यार्थियों को समय के सदुपयोग करने व उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं भी दी गई। डॉ.राजकुमारी शर्मा ने कहा कि वर्तमान के मूल्य को पहचानें इसी से भविष्य का निर्धारण होता है।

कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. सुमन रोहिला ने कहा कि भविष्य में हमारा प्रयास और भी अच्छी बड़ी कंपनियों को आमंत्रित कर अधिक से अधिक विद्यार्थियों को लाभांवित करना है। मेले में कुल ~~400~~ 88 विद्यार्थियों का चयन किया गया। आभार व्यक्त डॉ. सुमन रोहिला द्वारा तथा संचालन डॉ. दिनीशा मालवीय द्वारा किया गया।

अंत में सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया गया।

सीहोर जिले के बेरोजगार युवाओं, महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उपस्थित होकर कॅरियर अवसर मेले का लाभ लिया साथ ही विभिन्न कंपनियों/विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों से जानकारी प्राप्त की। जिला प्रशासन एवं समस्त महाविद्यालय के स्टॉफ के सहयोग से कॅरियर अवसर मेला का सफलता पूर्वक आयोजन हुआ।

13.02.21

**प्र.प्राचार्य**

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य, चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर

Ph.No. : 07562-224156, 224240, Fax : 07562- 224240
E_mail :- hecsaglcseh@mp.gov.in
Website :- www.mpcolleges.nic.in/sehore




क्र. /2021 सीहोर दिनांक

प्रति,

निदेशक
स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन योजना,
उच्चशिक्षा विभाग,सतपुड़ा भवन,भोपाल (म.प्र.)

विषय :- कॅरियर अवसर मेले के आयोजन के अन्तर्गत व्याख्यानों की जानकारी बाबत्।

सन्दर्भ :- आपका पत्र क्रं....21/विवेकानंद/2020 ,दिनांक ...20.01.2020

महोदय,

उपरोक्त विषय एवं सन्दर्भ में लेख है कि कॅरियर अवसर मेले के दौरान कॅरियर संबंधी जो महत्पूर्ण व्याख्याान कराये गये हैं। उनकी जानकारी कॅरियर अवसर मेले की रिर्पोट के साथ आपकी और प्रेषित है।

महाविद्यालय का नाम – चन्द्रशेखर आज़ाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महावि.सीहोर

मेले के आयोजन की तिथि –

| क्रं. | वक्ता विशेषज्ञ का नाम/पदनाम | व्याख्यान का शीर्षक | लाभान्वित विद्यार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री राजीव गुजराती जनभागीदारी अध्यक्ष | आत्मनिर्भर कैसे बने – कृषि में रोजगार की आपार संभावनांए है जिससे विद्यार्थी अपना स्वंय का रोजगार स्थापित कर रोजगार प्रदाता बन सकते है। | |
| 2 | डॉ. उर्मिला सलूजा प्राध्यापक,प्राणीशास्त्र | समय का सदउपयोग – विद्यार्थियों को सफलतम भविष्य हेतु व रोजगार के विभिन्न अवसरों हेतु समय का सदउपयोग करना चाहिए। | |
| 3 | डॉ. सुमन रोहिला प्राध्यापक,अर्थशास्त्र | विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए विभिन्न निजी एवं शासकीय क्षेत्रों की सेवाओं की जानकारी दी। | |
| 4 | डॉ. दिनीशा मालवीय सहा. प्राध्यापक,वनस्पतिशास्त्र | सतत् प्रयास से ही सफलता निश्चित होती है– विद्यार्थियों को सफल होने हेतु सतत् प्रयास करते रहना चाहिए, सफलता को कोई सोर्टकट नही होता। सतत् किये गये प्रयास सफलता अवश्य दिलाते है। | |

Scanned with CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | डॉ. कमलेश सिंह नेगी<br>सहा.प्राध्यापक हिन्दी | कला के क्षेत्र में रोजगार के अवसर | |
| 6. | डॉ. राजकुमारी शर्मा<br>प्राध्यापक हिन्दी | विद्यार्थी प्रामण-पत्र की और न भागे बल्कि योग्यता एंव कार्यकुशलता बड़ाने पर जोर दे। | |
| 7 | प्रो. देवेन्द्र वरवड़े<br>सहा.प्राध्यापक,<br>भौतिकशास्त्र | विद्यार्थीयों को कॅरियर की संभावनाओं के बारे में बताया। | |

**डॉ. सुमन रोहिला**
**संयोजक**
**स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ**

**प्राचार्य**

Scanned with CamScanner

कार्यालय प्राचार्य, चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर
अग्रणी महाविद्यालय सीहोर



# फोटोग्राफ एवं पेपर कटिंग




उद्घाटन - सत्र
दिनांक 17/2/2020
मुख्य अतिथि - श्री राजीव गुजराती
अध्यक्ष - प्राचार्य डॉ॰ आशा गुप्ता

Scanned with CamScanner

कार्यालय प्राचार्य, चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर
अग्रणी महाविद्यालय सीहोर

# फोटोग्राफ एवं पेपर कटिंग



विद्यार्थी स्टॉल से जानकारी लेते हुए।

Scanned with CamScanner

कार्यालय प्राचार्य, चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर
अग्रणी महाविद्यालय सीहोर



# फोटोग्राफ एवं पेपर कटिंग




प्राचार्य - विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए।

Scanned with CamScanner



# फोटोग्राफ एवं पेपर कटिंग

हरिभूमि 18/02/2020

## महाविद्यालय में जिला स्तरीय दो दिवसीय कॅरियर मेला का आयोजन

# 'हमें इतनी मेहनत करना चाहिए कि हमारी मेहनत से कॉलेज का नाम रोशन हो सके'

**दो दिवसीय कॅरियर मेले में लगे विभिन्न कंपनियों के स्टॉलों पर पहुंचकर छात्र-छात्राओं ने अपने पसंद के रोजगार तलाशे। वही रोजगार से संबंधित जानकारी ली। मेले में लगे 32 स्टॉलो पर विभिन्न कंपनियों के अधिकारी, कर्मचारियों से चर्चा कर अपनी रुचि के अनुरूप रोजगार की तलाश की।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

चन्द्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में जनभागीदारी अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में एवं प्राचार्य डॉ.आशा गुप्ता के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में जिला स्तरीय दो दिवसीय कॅरियर अवसर रोजगार मेले का उद्घाटन किया गया। सर्वप्रथम अध्यक्ष एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। छात्रा रूपाली एवं संगीता के द्वारा देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम की संयोजक एवं सदस्यों द्वारा मंचासीन अतिथियों का पुष्प-मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ.सुमन रोहिला ने रोजगार मेले की परिकल्पना एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रोजगार की संभावना में स्कील डेवलपमेंट के इस अवसर पर महाविद्यालय में लगभग 32 स्टॉल लगाए गए हैं।



सीहोर। रोजगार मेले में स्टॉलों पर जानकारी लेते छात्र-छात्राएं।



विद्यार्थियों को अपार संभावनाओं को तलाश कर रोजगार के अवसर पर चयन कर प्रशिक्षण लेकर अपने भविष्य को संवारना चाहिये। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. आशा गुप्ता ने विद्यार्थियों को कहा कि हमें इतनी मेहनत करना चाहिए कि हमारी मेहनत से महाविद्यालय, प्रदेश एवं राष्ट्र का नाम रोशन हो सके। इससे हमारे महाविद्यालय की छवि राष्ट्रीय स्तर पर उभरेगी। इससे एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होगा। एक सशक्त राष्ट्र के युवा का भविष्य निश्चित ही उज्जवल होगा। उन्होंने जिलाधीश एवं जनभागीदारी अध्यक्ष को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.निभा जैकब एवं आभार डॉ.कमलेश सिंह नेगी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालयीन समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए।

Scanned with CamScanner